an>

Title: Need to include Anupgarh-Bikaner via Chhatargarh railway line project in the next year Rail Budget.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर)ः मेरे बीकानेर संसदीय क्षेत्र में अनपूगढ़ से बीकानेर नई रेल लाइन बिछाने की मॉग वर्षों से हो रही है। इसके लिए सर्वेक्षण भी पहले हो चुका था लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कार्यवाही इस सम्बन्ध में नहीं हुई है। अनूपगढ़-बीकानेर तक की रेल लाइन भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के साथ जुड़ी हुई होने के कारण भारतीय सेना के लिए भी महत्वपूर्ण है और भारतीय सेना ने भी अपनी प्राथमिकता से अपने बजट से जो नई रेल लाइन के प्रोजेक्ट रेल मंत्रालय को सौंपे हैं, उनमें अनूपगढ़-बीकानेर नई रेल लाइन का प्रोजेक्ट भी सम्मिलित है।

अतः मेरा माननीय रक्षा एवं रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि अनूपगढ़-बीकानेर वाया छतरगढ़ रेल लाइन जिसकी सहमति प्राथमिक तौर पर भारतीय सेना ने रेल मंत्रालय को दे रखी है, उसकी घोषणा आगामी रेल बजट में की जाए जिससे इस क्षेत्र के निवासियों और सेना की आवश्यकता को देखते हुए रेल की सुविधा का लाभ उनको प्राप्त हो सके और सामरिक दृष्टि से भारतीय रेल की आधारभूत संरचना सुदृढ़ हो सके।